राजकीय ई–मेल

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 15(15) 2024 / गोप्र / प्रमुवसं–09964

– :: कार्यालय आदेश ::–

राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा नियम, 2015 के नियम 36 (ख) के प्रावधानान्तर्गत वर्ष 2022–23 में वनपाल से क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय के पद पर पदोन्नति दिए जाने हेतु गठित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 04.03..2023 को आयोजित की गई थी जिसमें श्री अनुराग मीणा पुत्र श्री कैलाश चन्द, वनपाल को उप वन संरक्षक, टोंक के आदेश कमांक 7084–91 दिनांक 02.12.2020 से एक वेतन वृद्धि असंचित प्रभाव से रोके जाने के दण्ड के कारण पदोन्नति हेतु तत्समय उपयुक्त नहीं पाया गया था।

श्री अनुराग मीणा द्वारा उक्त दण्डादेश के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किए जाने पर इस कार्यालय के आदेश कमांक 845–49 दिनांक 5.7.2023 द्वारा भविष्य में सावधानीपूर्वक कार्य करने की चेतावनी देते हुए उवस टोंक के दण्डादेश दिनांक 2.12.2020 को निरस्त किए जाने एवं श्री अनुराग मीणा के प्रकरण में वर्ष 2022–23 एवं प्रभावित वर्षो की वनपाल से क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय की डी.पी.सी. को रिव्यू किए जाने की स्वीकृति प्राप्त होने पर विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 15.07.2024 को आयोजित की गई।

विभागीय पदोन्नति समिति की अभिशंषानुसार श्री अनुराग मीणा, वनपाल को वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन वर्ष 2020–21 में प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित होने के परिणामस्वरूप वर्ष 2022–23 में एवं वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन वर्ष 2021–22 पार्ट–II (दिनांक 28.8.2021 से 31.3.20222) में प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित होने के कारण वर्ष 2023–24 में वनपाल से क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वितीय के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त नहीं पाए जाने के आदेश प्रचलित किए जाते हैं।

(अरिजीत बनर्जी)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 15(15) 2024 / गोप्र / प्रमुवसं–09964

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. मुख्य वन संरक्षक अजमेर ।
2. उप वन संरक्षक, टोंक।
3. उप वन संरक्षक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी को विभागीय बेवसाइट पर प्रकाशन किये जाने हेतु।
4. श्री अनुराग, वनपाल द्वारा कार्यालय उप वन संरक्षक, टोंक।
5. क्षेत्रीय अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. रक्षी पत्रावली।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराजपत्रित)
कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान, जयपुर।

RajKaj Ref
8983841

Signature valid

Digitally signed by Arijit Banerjee
Designation: Principal Chief Conservator Of Forest
Date: 2024.07.18 12:54:03 IST
Reason: Approved